अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन - 2022

कक्षा - VIII **विषय - हिन्दी**

समय:- 2 घण्टे पूर्णांक:- 50

दिनांक:-

छात्र/छात्रा का नाम:- वर्ग क्रमांक:-

विद्यालय का नाम :- प्रखण्ड :-

संकुल का नाम :- जिला:-

वीक्षक का हस्ताक्षर मूल्यांकनकर्ता का हस्ताक्षर प्राप्तांक :-

तिथि:- तिथि:-

सामान्य निर्देश :

- सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
- सभी प्रश्नों के सामने उनके मान अंकित हैं।
- निर्देशानुसार उत्तर दीजिए ।

1. सही शब्दों का चयन कर खाली स्थानों को भरिए -

(क) हाथ में थाम कर चलाने वाले हथियार को..........कहते हैं। (अस्त्र / शस्त्र)

(ख) कबीर ने ईश्वर के...........रूप की आराधना की है। (सगुण/निर्गुण)

(ग) पढ़ना का भाववाचक संज्ञा.......... है। (पढ़ाई/पढ़नेवाला)

(घ) संध्या को जब दिन जाता ढल............चलता है अस्ताचल । (सूरज / चन्द्रमा)

(ङ.) प्रत्येक नवागत विद्यार्थी को कुछ समय के लिए......... में रहना पड़ता है।

(भिक्षु वर्ग/विद्वान वर्ग)

2. कविता की पंक्तियों को सही-सही मिलान कीजिए ।

स्तम्भ- 'क'	स्तम्भ- 'ख'
(क) चिलचिलाती धूप को	(1) मैं तो तेरे पास में
(ख) मेरी भव बाधा हरौ	(2) गरीबों की हिमायत करना
(ग) हो मेरा काम	(3) कुछ कहते रहते डोल-डोल
(घ) मोको कहाँ ढूँढ़े रे बन्दे	(4) जो चाँदनी देवे बना
(ड.) पीपल के पत्ते गोल-गोल	(5) राधा नागरि सोय

3. सही विकल्प के सामने सही (√) निान लगाइए

(क) 'अशोक का शस्त्र' - त्याग के लेखक कौन हैं ?

(i) प्रेमचंद [ ]

(ii) रामवृक्ष बेनीपुरी [ ]

(iii) वशीधर श्रीवास्तव [ ]

(iv) शिवपूजन सहाय [ ]

(ख) 'ईर्ष्या तू न गई मेरे मन से किस विधा की रचना है ?

(i) निबंध [ ]

(ii) कहानी [ ]

(iii) कविता [ ]

(iv) पत्र - लेखन [ ]

(ग) किस आधार पर अशोक स्त्रियों पर शस्त्र का प्रयोग वर्जित मानते हैं ?

(i) शास्त्र के आधार पर [ ]

(ii) राजधर्म के आधार पर [ ]

(iii) धर्म के आधार पर [ ]

(iv) व्यक्तिगत आधार पर [ ]

www.evidyarthi.in

(घ) कलिंग महाराज की कन्या का नाम क्या था ?

(i) सलमा [ ]

(ii) नगमा [ ]

(iii) पद्मा [ ]

(iv) कामना [ ]

(ड.) 'बच्चे की दुआ' कविता के कवि कौन हैं?

(i) मो0 इकबाल [ ]

(ii) फणीश्वर नाथ 'रेणु' [ ]

(iii) बिहारी [ ]

(iv) शंकर शैलेन्द्र [ ]

4. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए ।

(1) विभीषिका - ....

(2) निगाह - ....

(3) चमन - ....

(4) धंधा - ....

(5) फूल - ....

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में दीजिए।

(1) ईर्ष्यालु से बचने का क्या उपाय है ?

(2) गाँव के किसान सिरचन को क्या समझते थे ?

(3) गोपियों ने कृष्ण की मुरली क्यों छुपाई ?

(4) “रेगिस्तान में जल ढूँढ़ना बहुत कठिन है।" इसे मुहावरेदार वाक्य में बदलिए ।

(5) योजक चिह्न कहाँ लगाया जाता है ? किन्हीं दो नियमों को लिखिए ।

6. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए ।

(1) "युद्ध से हानि" विषय पर अपने मित्र को एक पत्र लिखिए।

अथवा

(2) मेले में चिमटा खरीदने से पहले हामिद के मन में कौन-कौन-से से विचार आए ? वर्णन कीजिए।

www.evidyarthi.in